भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
09.12.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 447 का उत्तर

कटघोरा-डोंगरगढ़ रेल परियोजना

447. श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या छत्तीसगढ़ में कटघोरा-डोंगरगढ रेल परियोजना का सर्वेक्षण पूरा हो गया है, यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या उक्त रेल परियोजना के संदर्भ में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कोई पत्राचार किया गया है, यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या उक्त पत्राचार के संबंध में रेलवे द्वारा क्या कोई निर्णय लिया गया है? यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) यदि नहीं, तो निर्णय में देरी के क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

s.k

कटघोरा-डोंगरगढ़ रेल परियोजना के संबंध में दिनांक 09.12.2022 को राज्य सभा में **श्रीमती फूलो देवी नेतम** के अतारांकित प्रश्न सं. 447 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित **विवरण।**

(क): जी हाँ। छत्तीसगढ़ रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीआरसीएल), छत्तीसगढ़ सरकार (51%) और रेल मंत्रालय (49%) के बीच एक संयुक्त उद्यम कंपनी है, द्वारा कटघोरा-डूंगरगढ़ रेल परियोजना (294.95 कि.मी.) का सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है तथा 26.09.2018 को आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) द्वारा 5950.74 करोड़ रु. लागत पर परियोजना पहले से ही स्वीकृत है।

(ख) से (घ): जी हाँ। कटघोरा-डूंगरगढ़ रेल लाइन परियोजना के संरेखण में आंशिक बदलाव करने के संबंध में छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री से 24.09.2022 का एक पत्र प्राप्त हुआ है।

रेल मंत्रालय ने दिनांक 28.06.2021 और 25.10.2022 के पत्र द्वारा माननीय मुख्यमंत्री को सूचना उपलब्ध कराई है कि परियोजना सीसीईए द्वारा यथा अनुमोदित मूल रूप में ही शुरू किया जाए। बहरहाल, यदि कुछ अन्य क्षेत्रों को लाइन से जोड़ा जाना हो तो उस पर बाद में विचार किया जाए।

******

s.k